# RPSC
# Sr. Teacher

## Previous Year Paper
### (Hindi)
### 28 Dec, 2024

वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा विभाग) प्रति० परीक्षा-2024

**इस प्रश्न पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए।/Do not open this Question Booklet until you are asked to do so.**

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : **24**
No. of Pages in Booklet : **24**
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : **150**
No. of Questions in Booklet : **150**
Paper Code : **33**

# TSS-24

## Paper-II

प्रश्न पुस्तिका संख्या व बारकोड/ Question Booklet No. & Barcode
3380969

**SUBJECT : Hindi**

समय : **02:30 घण्टे+10 मिनट अतिरिक्त*** अधिकतम अंक : **300**
Time : **02:30 Hours+10 Minutes Extra*** Maximum Marks: **300**

प्रश्न पुस्तिका के पेपर की सील/पॉलिथिन बैग को खोलने पर प्रश्न पत्र हल करने से पूर्व परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि :–

- प्रश्न पुस्तिका संख्या तथा ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर अंकित बारकोड संख्या समान है।
- प्रश्न पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक के सभी पृष्ठ व सभी प्रश्न सही मुद्रित हैं। समस्त प्रश्न जैसा कि ऊपर वर्णित है, उपलब्ध हैं तथा कोई भी पृष्ठ कम नहीं है/मुद्रण त्रुटि नहीं है।

किसी भी प्रकार की विसंगति या दोषपूर्ण होने पर परीक्षार्थी वीक्षक से दूसरी प्रश्न पुस्तिका प्राप्त कर लें। यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। परीक्षा प्रारम्भ होने के **5** मिनट पश्चात् ऐसे किसी दावे/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

On opening the paper seal/polythene bag of the Question Booklet before attempting the question paper the candidate should ensure that:-

- Question Booklet Number and Barcode Number of OMR Answer Sheet are same.
- All pages & Questions of Question Booklet and OMR Answer Sheet are properly printed. All questions as mentioned above, are available and no page is missing/misprinted.

If there is any discrepancy/defect, candidate must obtain another Question Booklet from Invigilator. Candidate himself shall be responsible for ensuring this. No claim/objection in this regard will be entertained after **five** minutes of start of examination.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. **प्रत्येक प्रश्न के लिये एक विकल्प भरना अनिवार्य है।**
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न का मात्र एक ही उत्तर दीजिये। एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा।
4. **OMR** उत्तर–पत्रक इस प्रश्न पुस्तिका के अन्दर रखा है। जब आपको प्रश्न पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर–पत्रक निकाल कर ध्यान से केवल **नीले बॉल प्वॉइंट पेन** से विवरण भरें।
5. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें। गलत रोल नम्बर भरने पर परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।
6. **ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक में करेक्शन पेन/व्हाईटनर/सफेदा का उपयोग निषिद्ध है।**
7. **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा।** गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है।
8. **प्रत्येक प्रश्न के पांच विकल्प दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः 1, 2, 3, 4, 5 अंकित किया गया है। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले (बबल) को उत्तर–पत्रक पर नीले बॉल प्वॉइंट पेन से गहरा करना है।**
9. **यदि आप प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते हैं, तो उत्तर–पत्रक में पांचवे (5) विकल्प को गहरा करें। यदि पांच में से कोई भी गोला गहरा नहीं किया जाता है, तो ऐसे प्रश्न के लिये प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा।**
10. ***प्रश्न पत्र हल करने के उपरांत अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से ओ.एम.आर. आंसर शीट जांच लें कि समस्त प्रश्नों के लिये एक विकल्प (गोला) भर दिया गया है। इसके लिये ही निर्धारित समय से 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।**
11. **यदि अभ्यर्थी 10% से अधिक प्रश्नों में पांच विकल्पों में से कोई भी विकल्प अंकित नहीं करता है, तो उसको अयोग्य माना जायेगा।**
12. **मोबाइल फोन अथवा इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है, तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।**

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए और **राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम अध्युपाय) अधिनियम, 2022 तथा अन्य प्रभावी कानून एवं आयोग के नियमों–प्रावधानों** के तहत कार्यवाही की जाएगी। साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. **It is mandatory to fill one option for each question.**
2. All questions carry equal marks.
3. Only one answer is to be given for each question. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
4. The **OMR** Answer Sheet is inside this Question Booklet. When you are directed to open the Question Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with **BLUE BALL POINT PEN** only.
5. Please correctly fill your Roll Number in OMR Answer Sheet. Candidate will himself/herself be responsible for filling wrong Roll Number.
6. **Use of Correction Pen/Whitener in the OMR Answer Sheet is strictly forbidden.**
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question.
8. **Each question has five options marked as 1, 2, 3, 4, 5. You have to darken only one circle (bubble) indicating the correct answer on the Answer Sheet using BLUE BALL POINT PEN.**
9. **If you are not attempting a question, then you have to darken the circle '5'. If none of the five circles is darkened, one third (1/3) part of the marks of question shall be deducted.**
10. ***After solving the question paper, candidate must ascertain that he/she has darkened one of the circles (bubbles) for each of the questions. Extra time of 10 minutes beyond scheduled time is provided for this.**
11. **A candidate who has not darkened any of the five circles in more than 10% questions shall be disqualified.**
12. **Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.**

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Measures for Prevention of Unfair means in Recruitment) Act, 2022, other laws applicable and Commission's Regulations.** Commission may also debar him/her permanently from all future examinations.

उत्तर–पत्रक में दो प्रतियां हैं – मूल प्रति और कार्बन प्रति। परीक्षा समाप्ति पर परीक्षा कक्ष छोड़ने से पूर्व परीक्षार्थी उत्तर–पत्रक की दोनों प्रतियां वीक्षक को सौंपेंगे, परीक्षार्थी स्वयं कार्बन प्रति अलग नहीं करें। वीक्षक उत्तर–पत्रक की मूल प्रति को अपने पास जमा कर, कार्बन प्रति को मूल प्रति से कट लाईन से मोड़कर सावधानीपूर्वक अलग कर परीक्षार्थी को सौंपेंगे, **जिसे परीक्षार्थी अपने साथ ले जायेंगे। परीक्षार्थी को उत्तर–पत्रक की कार्बन प्रति चयन प्रक्रिया पूर्ण होने तक सुरक्षित रखनी होगी एवं आयोग द्वारा मांगे जाने पर प्रस्तुत करनी होगी।**

1. निम्नलिखित में विलोम शब्द दर्शाने वाला सही विकल्प है –

(1) पाश्चात्य – पौरस्त्य
(2) परिहार्य – परिष्कृत
(3) नैसर्गिक – प्राकृतिक
(4) परिणीत – परिपक्व
(5) अनुत्तरित प्रश्न

2. योजक चिह्न का प्रयोग कब नहीं होता है?

(1) नाटकों के संवाद में।
(2) द्वंद्व समास में दो शब्दों को जोड़ने पर।
(3) तुलनावाचक सा, सी, से के पहले।
(4) पुनरुक्त शब्दों के बीच में।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

3. निम्नलिखित में से कौनसा शब्द तत्सम नहीं है?

(1) पंख
(2) स्वामी
(3) अक्षर
(4) राजा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

4. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है –

(1) सदृश्य
(2) अन्त्याक्षरी
(3) स्वास्थ
(4) उपलक्ष
(5) अनुत्तरित प्रश्न

5. विस्मयादिबोधक चिह्न का प्रयोग कहाँ पर नहीं किया जाता है?

(1) आह्लादसूचक शब्दों के अंत में।
(2) जहाँ स्थिति निश्चित न हो।
(3) बड़ों को सादर संबोधित करने में।
(4) छोटों के प्रति शुभकामनाएँ प्रकट करने पर।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

6. "किसी की चिट्ठी डाकिया हमारे घर फेंक गया।" रेखांकित शब्द किस सर्वनाम को दर्शाता है?

(1) अनिश्चयवाचक
(2) निजवाचक
(3) निश्चयवाचक
(4) संबंधवाचक
(5) अनुत्तरित प्रश्न

7. निम्नलिखित विकल्पों में से 'द्वित्व' व्यंजन का सही उदाहरण है –

(1) अशक्त
(2) यत्न
(3) सच्चा
(4) सत्कार
(5) अनुत्तरित प्रश्न

8. निम्नलिखित में से किस विकल्प के सभी शब्द परस्पर पर्यायवाची हैं?

(1) अंबर – वसन
(2) वृक्ष – विहंग
(3) चक्षु – कृशानु
(4) वायु – चपला
(5) अनुत्तरित प्रश्न

9. उच्चारण स्थान के आधार पर व्यंजन–वर्गों का गलत विकल्प है –

(1) ट्, ठ्, ड् – मूर्द्धन्य
(2) त्, थ्, द् – कोमल तालु
(3) च्, छ्, ज् – तालव्य
(4) प्, फ्, ब् – ओष्ठ्य
(5) अनुत्तरित प्रश्न

10. निम्नलिखित में से तत्सम शब्द है –

(1) शाप
(2) बूँद
(3) खजूर
(4) कपूर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

11. निम्न में से अशुद्ध वाक्य है –

(1) हम देश के लिए जान पर कुरबान हो जायेंगे।
(2) मेरा सिर शर्म से झुक गया।
(3) चौथे दिन शत्रु ने हथियार डाल दिये।
(4) उन्होंने उसे आड़े हाथों लिया।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

12. अर्थ की दृष्टि से निम्नलिखित में विधिवाचक वाक्य है –

(1) संकटों ने उसे हर तरफ से घेरा, किंतु वह निराश नहीं हुआ।
(2) अस्वस्थ रहने के कारण वह परीक्षा में सफल न हो सका।
(3) जो छात्र परिश्रम करेंगे, उन्हें सफलता अवश्य मिलेगी।
(4) मैं खाना खा चुका, तब वह आया।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

13. उपयुक्त विलोम शब्द दर्शाने वाला विकल्प नहीं है –

(1) धृष्ट – विनम्र
(2) दमनीय – कमनीय
(3) दुष्कर – सुकर
(4) तामसिक – सात्विक
(5) अनुत्तरित प्रश्न

14. निम्नलिखित में से कौनसा कंठ्य वर्ण नहीं है?

(1) ङ्
(2) ह्
(3) अ
(4) क्
(5) अनुत्तरित प्रश्न

15. वाक्यांश हेतु दिए गए उपयुक्त शब्द वाला विकल्प है –

(1) बढ़ा–चढ़ाकर कही गई उक्ति – कटूक्ति
(2) जो स्त्री कविता रचती है – विदुषी
(3) जो व्याकरण जानता है – वैयाकरण
(4) जो बहुत कठिनाई से मिलता है – अलभ्य
(5) अनुत्तरित प्रश्न

16. कर्मवाच्य का उदाहरण है –

(1) राम चाय पीता है।
(2) राम पुस्तक पढ़ता है।
(3) पुस्तक पढ़ी जाती है।
(4) मोनिका आम खाती है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

17. 'ठीक–ठीक' शब्द क्रिया विशेषण के किस रूप को दर्शाता है?

(1) रीतिवाचक (2) कालवाचक

(3) परिमाणवाचक (4) स्थानवाचक

(5) अनुत्तरित प्रश्न

18. अव्ययीभाव समास का उदाहरण नहीं है –

(1) यथासाध्य (2) गृहागत (3) प्रतिदिन (4) भरसक

(5) अनुत्तरित प्रश्न

19. कौनसा विकल्प सुमेलित नहीं है?

(1) पाँचों उँगलियाँ घी में – सब तरफ से लाभ ही लाभ

(2) पास नहीं धेला, भतार चले मेला – असंभव कार्य करना

(3) पसीने की कमाई – मेहनत से कमाया हुआ धन

(4) सब धान बाईस पँसेरी – सबके साथ होने वाला एक–सा व्यवहार

(5) अनुत्तरित प्रश्न

20. किस शब्द का रूप एकवचन और बहुवचन में एक जैसा रहता है?

(1) बेटा (2) भतीजा (3) मामा (4) साला

(5) अनुत्तरित प्रश्न

21. किस समूह में सभी शब्द तत्सम हैं?

(1) वचन, प्रिय, मध्य (2) चूल्हा, चौकी, चंचु

(3) उबटन, चसक, जूता (4) गोमल, सौत, सत्तू

(5) अनुत्तरित प्रश्न

22. स्पर्श संघर्षी व्यंजन है –

(1) ह् (2) ख् (3) स् (4) च्

(5) अनुत्तरित प्रश्न

23. निम्नलिखित में से दंत्योष्ठ्य वर्ण है –

(1) ल (2) फ (3) उ (4) ऐ

(5) अनुत्तरित प्रश्न

24. किस शब्द में दो उपसर्गों का प्रयोग हुआ है?

(1) संहार (2) अभ्यागत (3) अनुकरण (4) संकल्प

(5) अनुत्तरित प्रश्न

25. 'बातचीत बंद करो और अपना काम देखो'। यह किस प्रकार का वाक्य है?

(1) इच्छार्थक
(2) प्रश्नार्थक
(3) आज्ञार्थक
(4) विधानार्थक
(5) अनुत्तरित प्रश्न

26. कौनसा वाक्य शुद्ध है?

(1) उसने मुझे गालियाँ निकालीं।
(2) उसने मेरे को गालियाँ निकालीं।
(3) उसने मुझे गालियाँ दीं।
(4) उसने मुझे गालियाँ निकाल दीं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

27. इनमें से सुमेलित विकल्प नहीं है –

(1) गुड़ गोबर करना – बना काम बिगाड़ना
(2) गुस्सा पीना – क्रोध रोकना
(3) गीत गाना – प्रशंसा करना
(4) गूलर का फूल होना – बहुत सुंदर होना
(5) अनुत्तरित प्रश्न

28. कौनसा वाक्य शुद्ध है?

(1) यहाँ शत्रुओं से खतरे का डर है।
(2) अश्वमेध का घोड़ा पकड़ा गया।
(3) यह असली गाय का घी है।
(4) उसके बाद फिर क्या हुआ?
(5) अनुत्तरित प्रश्न

29. 'कहना बहुत पर करना थोड़ा' के लिए निम्नांकित में से उपयुक्त लोकोक्ति है –

(1) नानी के आगे ननिहाल की बातें।
(2) नाम मेरा गाँव तेरा।
(3) नापे सौ गज़, फाड़े नौ गज़।
(4) नाचे कूदे बानरा माल मदारी खाये।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

30. किसी ने ठीक कहा है, "नारी अबला नहीं, सबला है।" इस वाक्य में निम्नलिखित में से किस विराम–चिह्न का प्रयोग नहीं हुआ है?

(1) उद्धरण चिह्न
(2) अर्द्ध विराम
(3) पूर्ण विराम
(4) अल्प विराम
(5) अनुत्तरित प्रश्न

31. 'जान बूझकर विपत्ति में पड़ना' के लिए उपयुक्त लोकोक्ति है –

(1) ऊँट के गले में बिल्ली
(2) इधर कुआँ, उधर खाई
(3) आमों की कमाई, नींबुओं में गंवाई
(4) आ बैल मुझे मार
(5) अनुत्तरित प्रश्न

32. किस विकल्प के सभी शब्द अशुद्ध हैं?

(1) भस्मिभूत, विभिषिका

(2) परिणती, भागीरथी

(3) सौहार्द्र, याज्ञवल्क्य

(4) प्रज्ज्वलित, मैथिली

(5) अनुत्तरित प्रश्न

33. चाँदी का पर्यायवाची शब्द नहीं है –

(1) रौप्य (2) चंद्रातप (3) रूपा (4) रजत

(5) अनुत्तरित प्रश्न

34. "यशोदा हमारे घर की लक्ष्मी है।" वाक्य में प्रयुक्त 'लक्ष्मी' शब्द यहाँ संज्ञा के किस रूप को दर्शाता है?

(1) व्यक्तिवाचक

(2) द्रव्यवाचक

(3) भाववाचक

(4) जातिवाचक

(5) अनुत्तरित प्रश्न

35. विदेशी भाषा का शब्द है –

(1) नमस्ते (2) नयाचार (3) नमक (4) नराधम

(5) अनुत्तरित प्रश्न

36. भाववाच्य का उदाहरण है –

(1) गणेश खाना नहीं खाएगा।

(2) सीता से चला भी नहीं जाता।

(3) शंकर चल नहीं पाएगा।

(4) तुम खाना खा सकते हो।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

37. कई आश्रित वाक्यों के बीच में, जो एक मुख्य वाक्य पर अवलम्बित रहते हैं, विराम–चिह्न प्रयुक्त होता है –

(1) पूर्ण विराम

(2) अर्द्ध विराम

(3) अल्प विराम

(4) अवतरण चिह्न

(5) अनुत्तरित प्रश्न

38. 'नौकर जा रहा था।' वाक्य में कौनसा काल है?

(1) सामान्य भूतकाल

(2) अपूर्ण भूतकाल

(3) संदिग्ध भूतकाल

(4) पूर्ण भूतकाल

(5) अनुत्तरित प्रश्न

39. 'समानाधिकरण समुच्चयबोधक' के उपभेद और प्रयुक्त होने वाले पदों की दृष्टि से असंगत विकल्प है –

(1) विरोधदर्शक – परंतु, लेकिन

(2) परिणामदर्शक – अतएव, इसलिए

(3) संयोजक – और, एवं

(4) विभाजक – क्योंकि, जोकि

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**40.** विशेषण–विशेष्य भाव से बना कर्मधारय समास है –

(1) नीललोहित (2) नराधम (3) दीर्घायु (4) भवसागर

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**41.** निम्नलिखित में से कौनसा वाक्य शुद्ध है?

(1) पिताजी सकुशल पहुँच गए हैं।

(2) बेटों में युद्ध हो गया।

(3) टिड्डियों की मंडली सारी फसल चट कर गई।

(4) मैं उसकी चातुर्यता से दंग रह गया।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**42.** 'आँखों से पर्दा उठ जाना' मुहावरे का अर्थ है –

(1) अप्रिय लगना।

(2) अत्यधिक क्रोध करना।

(3) असलियत का पता लगना।

(4) अहंकार या मद से अंधा होना।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**43.** कौनसा विकल्प सुमेलित है?

(1) घुटना टेकना – अड़ जाना

(2) घास छीलना – पशुवत व्यवहार करना

(3) घी का कुप्पा लुढ़कना – बहुत लाभ होना

(4) घड़ों पानी पड़ जाना – अत्यंत लज्जित होना

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**44.** निम्नलिखित में से कौनसा विकल्प संयुक्त वाक्य का उदाहरण है?

(1) वह पेड़ उग आया है जो तुमने लगाया था।

(2) वह नहीं समझेगा क्योंकि वह मूर्ख है।

(3) दुर्ग से कुछ दूर बीस फुट ऊँचा स्तम्भ था।

(4) वह आया और उसने देखा कि भीतर कोई नहीं है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**45.** निम्न में से अर्थ के आधार पर क्रिया विशेषण का भेद नहीं है –

(1) स्थानवाचक

(2) गुणवाचक

(3) रीतिवाचक

(4) कालवाचक

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**46.** निम्नलिखित में से 'भाववाच्य' का उदाहरण है –

(1) पुस्तक पढ़ी जाती है।

(2) उनसे पुस्तकें लायी गयीं।

(3) धूप में चला नहीं जाता।

(4) बढ़ई लकड़ी चीरता है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**47.** 'प्रतिष्ठा', 'कांति', 'जल' – इनमें से किस शब्द के अर्थ हैं?

(1) पानी (2) तड़ित (3) आग (4) विद्युत

(5) अनुत्तरित प्रश्न

48. किस विकल्प में सभी शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध हैं?

(1) घनिष्ठ, यथेष्ट, कनिष्ठ
(2) श्रंखला, संसार, दन्ड
(3) अनभिज्ञ, आरोग्र, अभिज्ञ
(4) अभीष्ठ, अनुष्टान, चेष्टा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

49. वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध शब्द है –

(1) शोचनीय
(2) शूर्पणखा
(3) श्मशान
(4) हितैशी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

50. इनमें से कौनसा अघोष वर्ण है?

(1) य्
(2) ड्
(3) ष्
(4) उ
(5) अनुत्तरित प्रश्न

51. वाक्य में दो या अधिक समान शब्दों को भिन्न–भिन्न दिखाने के लिए तथा समान उपवाक्यों को जोड़ने के लिए प्रयुक्त होता है –

(1) निर्देशक चिह्न
(2) संयोजक चिह्न
(3) विस्मयादिबोधक चिह्न
(4) अल्पविराम चिह्न
(5) अनुत्तरित प्रश्न

52. निम्नलिखित में से तद्‌भव शब्द है –

(1) कुत्सित
(2) कुछेक
(3) कुठार
(4) कुक्षि
(5) अनुत्तरित प्रश्न

53. 'झगड़े की ज़ड़ को नष्ट कर देना' के लिए उपयुक्त लोकोक्ति है –

(1) नेकी कर दरिया में डाल
(2) न बासी बचे न कुत्ता खाए
(3) न रहेगा बाँस न बजेगी बाँसुरी
(4) न नौ मन तेल होगा न राधा नाचेगी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

54. 'उसने तुम्हें पत्र लिखा होगा।' निम्नलिखित में से यह किस प्रकार का वाक्य है?

(1) आज्ञार्थक
(2) संकेतार्थक
(3) संदेहार्थक
(4) विधानार्थक
(5) अनुत्तरित प्रश्न

55. कौनसा वाक्य अशुद्ध है?

(1) हमारे शिक्षक प्रश्न करते हैं।
(2) मैं अपनी बात का स्पष्टीकरण करने के लिए तैयार हूँ।
(3) वकीलों ने कागजों की जाँच की।
(4) मैंने एक वर्ष तक उनकी प्रतीक्षा की।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

56. स्वर संधि से निर्मित शब्द नहीं है –

(1) महर्षि (2) पावक (3) उद्धार (4) अन्वेषण

(5) अनुत्तरित प्रश्न

57. शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए –

(1) उस पर घड़े पानी पड़ गया।

(2) उस पर घड़ों पानी गिर गया।

(3) उस पर घड़ों पानी पड़ गया।

(4) उस पर घड़ा पानी गिर गया।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

58. इनमें से कौनसा शब्द तत्सम नहीं है?

(1) बिल्व (2) बिन्दु (3) बादल (4) बलीवर्द

(5) अनुत्तरित प्रश्न

59. किस समूह में सभी शब्द विशेषण से निर्मित भाववाचक संज्ञा हैं?

(1) बड़प्पन, सजावट, चलन

(2) चतुराई, लड़कपन, चढ़ाई

(3) बुढ़ापा, गरमी, घबराहट

(4) कठोरता, मिठास, सरदी

(5) अनुत्तरित प्रश्न

60. निम्नलिखित में से कौनसा संज्ञा शब्द सदैव एकवचन में प्रयुक्त होता है?

(1) दाम (2) ओठ (3) सोना (4) आँसू

(5) अनुत्तरित प्रश्न

61. किस विकल्प में सभी शब्द अशुद्ध हैं?

(1) मृण्मय, छंटाई

(2) अंधेरा, गंवार

(3) उँगली, आँख

(4) अक्षुण्ण, संयम

(5) अनुत्तरित प्रश्न

62. निर्देशक (रेखिका) विराम–चिह्न के प्रयोग के संबंध में असंगत है –

(1) उद्धृत वाक्य से पहले प्रयुक्त होता है।

(2) सामासिक शब्दों या पुनरुक्त शब्दों के बीच में प्रयुक्त होता है।

(3) एक विचार के बीच दूसरे विचार के आ जाने पर प्रयुक्त होता है।

(4) विवरण देने के लिए प्रयुक्त होता है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

63. निम्नलिखित में से विदेशी शब्द नहीं है –

(1) औरत (2) कमरा (3) बयार (4) चाकू

(5) अनुत्तरित प्रश्न

64. निम्नलिखित में से असंगत विकल्प है –

(1) क्रिया से नामार्थक शब्दों का संबंध सूचित करने वाले शब्द – समुच्चयबोधक

(2) वस्तुओं की विशेषता बताने वाले शब्द – विशेषण

(3) वस्तुओं के विषय में विधान करने वाले शब्द – क्रियां

(4) केवल मनोविकार सूचित करने वाले शब्द – विस्मयादिबोधक

(5) अनुत्तरित प्रश्न

65. इनमें से कौनसा विकल्प सही नहीं है?

(1) अभि + आगत = अभ्यागत
(2) भाग्य + उदय = भाग्योदय
(3) उपरि + उक्त = उपरोक्त
(4) तत् + हित = तद्धित
(5) अनुत्तरित प्रश्न

66. न, ल, र, स, ज वर्ण कहलाते हैं –

(1) वर्त्स्य
(2) पार्श्विक
(3) कंपनजात
(4) कोमल तालव्य
(5) अनुत्तरित प्रश्न

67. इनमें से अशुद्ध शब्द बताइए –

(1) गौतम
(2) गत्यावरोध
(3) निधि
(4) त्योहार
(5) अनुत्तरित प्रश्न

68. 'रहस्य प्रकट हो जाना' के लिए निम्नलिखित में से उपयुक्त मुहावरा है –

(1) बंटाढार होना
(2) बात खोलना
(3) फूट पड़ना
(4) बंद मुट्ठी खुलना
(5) अनुत्तरित प्रश्न

69. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य है –

(1) उसके मन की थाह का पता नहीं चलता।
(2) सीढ़ी के सहारे मैं जहाज पर जा पहुँचा।
(3) कृषि हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है।
(4) इस यन्त्र की उत्पत्ति पिछले वर्ष हुई।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

70. किसी के महत्त्वपूर्ण कथन को उद्धृत करने में किस विराम चिह्न का प्रयोग होता है?

(1) हंस पद
(2) निर्देशक चिह्न
(3) कोष्ठक चिह्न
(4) अवतरण चिह्न
(5) अनुत्तरित प्रश्न

71. निम्नलिखित में से कौनसा वाक्य शुद्ध है?

(1) आजकल तरुण नवयुवक पढ़ाई में कम ध्यान देते हैं।

(2) मुझसे यह काम संभव नहीं।

(3) तब शायद यह काम जरूर हो जाएगा।

(4) थोड़ी देर बाद वे वापस लौट आए।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

72. संज्ञा का वह रूप जिससे क्रिया के आधार का बोध होता है, कहलाता है –

(1) अधिकरण कारक

(2) करण कारक

(3) संप्रदान कारक

(4) संबंध कारक

(5) अनुत्तरित प्रश्न

73. 'जरठ' और 'जठर' का क्रमशः अर्थ है –

(1) चतुर, प्रचण्ड

(2) चकवा, बवण्डर

(3) दुबला, घाव

(4) बूढ़ा, पेट

(5) अनुत्तरित प्रश्न

74. किस विकल्प में सभी शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध हैं?

(1) अहिल्या, युधिष्ठर

(2) समीक्षा, बिमारी

(3) कुमुदिनी, विरहिणी

(4) श्रीमती, गृहणी

(5) अनुत्तरित प्रश्न

75. जिन स्वरों के उच्चारण में पूरा श्वास मुँह से निकलता है, उन्हें कहते हैं –

(1) निरनुनासिक

(2) अनुनासिक

(3) सानुनासिक

(4) अनुस्वार

(5) अनुत्तरित प्रश्न

76. संभाव्य भूतकाल को दर्शाने वाला वाक्य है –

(1) भला अब कौन बोले।

(2) आपने कई पुस्तकें लिखी हैं।

(3) हो सकता है कि उसने यह बात सुनी हो।

(4) उसे हमारी चिट्ठी मिली होगी।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

77. हिन्दी वाक्य–रचना के संबंध में असंगत कथन है –

(1) विशेषण संज्ञा के पहले आता है।

(2) प्रश्नवाचक अव्यय 'न' वाक्य के अंत में आता है।

(3) क्रिया विशेषण बहुधा क्रिया के पहले आता है।

(4) समानाधिकरण शब्द मुख्य शब्द के पहले आता है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

78. निम्नलिखित में से किस विकल्प के सभी शब्द शुद्ध हैं?

(1) सिन्दूर, कोटी, ईमारत
(2) आशीर्वाद, बदाम, इंधन
(3) श्रीमती, अतिथि, निराश्रित
(4) रेणू, सूची, वधु
(5) अनुत्तरित प्रश्न

79. 'ईश्वर तुम्हें चिरायु करे' यह निम्न में से किस प्रकार का वाक्य है?

(1) विधिवाचक
(2) संकेतार्थक
(3) इच्छाबोधक
(4) संदेह सूचक
(5) अनुत्तरित प्रश्न

80. निम्न में से विराम–चिह्न की दृष्टि से अशुद्ध वाक्य है –

(1) राम ने कहा कि, मैं कल पटना जाऊँगा।
(2) मैं मनुष्य में मानवता देखना चाहती हूँ; उसे देवता बनाने की मेरी इच्छा नहीं।
(3) हे ईश्वर! सबका कल्याण हो।
(4) वह दूर से, बहुत दूर से आ रहा है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

81. 'ईय' प्रत्यय से निर्मित शब्द है –

(1) स्मरणीय
(2) पाणिनीय
(3) दर्शनीय
(4) माननीय
(5) अनुत्तरित प्रश्न

82. 'नि' उपसर्ग से निर्मित शब्द है –

(1) निर्मम
(2) निश्चल
(3) निर्भय
(4) निदर्शन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

83. 'तरणि और तरणी' युग्म–शब्दों का सही अर्थ है –

(1) सूर्य – नाव
(2) युवती – नाव
(3) सूर्य – युवती
(4) नाव – युवती
(5) अनुत्तरित प्रश्न

84. 'चिल्लाहट' शब्द में प्रत्यय है –

(1) लांहट
(2) हट
(3) आहट
(4) आवट
(5) अनुत्तरित प्रश्न

85. प्रेरणार्थक क्रिया का उदाहरण है –

(1) मोहन पढ़ता रहता है।
(2) वे चले जाएँगे।
(3) राम ने गोविंद को जगाया।
(4) उसें मेहनत करनी पड़ती है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

86. तत्सम–तद्भव शब्द की दृष्टि से सुमेलित युग्म नहीं है –

(1) घट – घड़ा
(2) हस्त – हाथी
(3) अद्य – आज
(4) कर्म – काम
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**नोट :** दिए गए गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (प्रश्न संख्या 87 से 90)

बड़े–बड़े राष्ट्रों के पास नये–नये वैज्ञानिक आविष्कारों के लिए सुचिन्तित योजनाएँ हैं। उनकी पोषक और विरोधी शक्तियों का पूरा ब्योरा जानकर ये काम किए जा रहे हैं। इन प्रयत्नों का प्रभाव हमारे ऊपर नाना भाव से पड़ता है। हमारी राजनीति, अर्थनीति, यहाँ तक कि शिक्षणनीति भी इनसे प्रभावित होती है, परन्तु परिणाम देखकर निस्संदिग्ध रूप से कहा जा सकता है कि इन महान साधनों के मालिकों में उदार हृदय नहीं है, चरित्र–बल नहीं है और शुभानुध्यायी बुद्धि नहीं है। अत्यन्त घिनौने युद्ध, बुद्धिमत्तापूर्ण मिथ्या प्रचार और राग–द्वेष से विषायित प्रतिस्पर्द्धा यही सिद्ध कर रही है। जितनी दूर तक देखने की दृष्टि पा सका हूँ, उतनी दूर तक मुझे स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि नियमित प्रयत्नों और सुचिन्तित योजनाओं के बल पर विज्ञान की सर्वग्रासिनी शक्ति और भी शक्तिशाली होती जायेगी, उसे रोकना अब संभव नहीं है। नदी की धारा को मोड़ना दुष्कर है। इसलिए मैं बराबर सोचता हूँ कि यह ऐसे ही छोड़ दिया जाना चाहिए? क्या ऐसा कोई उपाय नहीं है जिससे शक्तिशाली को सहृदय और सच्चरित्र बनाया जा सके? मेरे पास इसका एक ही उत्तर है। यह उपाय है उदार और सरस साहित्य। मेरा मन बार–बार ग्लानि और क्षोभ के साथ जानना चाहता है कि साहित्यिक कहे जानेवाले लोग, जिनका काम ही विश्व को सरस, स्निग्ध और उदार बनाना है, जो संवेदनशीलता को इतना बहुमान देते हैं, विज्ञान की इस बढ़ती हुई शक्ति के साथ क्या ताल मिलाकर चल सके हैं? बाधाएँ हैं, मैं उन्हें स्वीकार करता हूँ।

87. लेखक के अनुसार, विज्ञान की किस शक्ति को अब रोकना संभव नहीं है?

(1) तकनीकी शक्ति
(2) विध्वंसकारी शक्ति
(3) सर्वग्रासिनी शक्ति
(4) लोक कल्याणकारी शक्ति
(5) अनुत्तरित प्रश्न

88. बड़े–बड़े राष्ट्रों के महान साधनों के मालिकों में निम्नलिखित में से किस अभाव का उल्लेख नहीं किया गया है?

(1) शुभानुध्यायी बुद्धि
(2) चरित्र–बल
(3) उदार हृदय
(4) सुचिन्तित योजनाएँ
(5) अनुत्तरित प्रश्न

89. गद्यांश के अनुसार, संवेदनशीलता को अत्यधिक महत्त्व कौन देते हैं?

(1) वैज्ञानिक
(2) राजनेता
(3) साहित्यकार
(4) अर्थशास्त्री
(5) अनुत्तरित प्रश्न

90. शक्तिशाली को सच्चरित्र और सहृदय बनाने का उपाय क्या है?

(1) नये–नये वैज्ञानिक आविष्कार
(2) शिक्षण नीति में बदलाव
(3) ग्लानि और क्षोभ की भावना
(4) उदार और सरस साहित्य
(5) अनुत्तरित प्रश्न

91. रस के अवयवों के संबंध में प्रधान मनोविकार के जाग्रत या उद्दीप्त होने के कारणों को कहते हैं –

(1) आश्रय
(2) अनुभाव
(3) संचारी भाव
(4) विभाव
(5) अनुत्तरित प्रश्न

92. 'दिनकर' के अनुसार 'कुरुक्षेत्र' की मूल विशेषता है –

(1) नाटकीयता
(2) प्रौढ़ मस्तिष्क का चमत्कार
(3) स्पष्ट जीवन–दर्शन
(4) साधारण मनुष्य के शंकाकुल हृदय का मुखर स्वर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

93. निम्नलिखित में से कौनसा कवि रीति मुक्त काव्यधारा का कवि नहीं माना जाता है?

(1) आलम
(2) बोधा
(3) घनानंद
(4) सेनापति
(5) अनुत्तरित प्रश्न

94. निम्नांकित में से असंगत विकल्प चुनिए –

(1) शंकर शेष – एक और द्रोणाचार्य
(2) जगदीशचन्द्र माथुर – शारदीया
(3) मोहन राकेश – आधे अधूरे
(4) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना – शुतुरमुर्ग
(5) अनुत्तरित प्रश्न

95. "सकल अमानुष करम तुम्हारे। केवल कौसिक कृपाँ सुधारे।।"
उपर्युक्त पंक्तियाँ – 'श्रीरामचरितमानस' में किसने किसके बारे में कही हैं?

(1) दशरथ ने विश्वामित्र के बारे में
(2) वशिष्ठ ने विश्वामित्र के बारे में
(3) कौशल्यादि माताओं ने राम के बारे में
(4) जनक ने राम के बारे में
(5) अनुत्तरित प्रश्न

96. निम्नलिखित में से प्रवृत्ति–आधारित नामकरण है –

(1) गद्यकाल
(2) भारतेन्दु काल
(3) प्रेमचन्द युग
(4) द्विवेदी युग
(5) अनुत्तरित प्रश्न

97. निम्नांकित में से सुमेलित विकल्प चुनिये –

(1) भिखारीदास – रसराज
(2) श्रीपति – काव्य सरोज
(3) मतिराम – जगद्विनोद
(4) पद्माकर – काव्य निर्णय
(5) अनुत्तरित प्रश्न

98. "यहाँ हमारे परम मनोहर जीजतु हैं मुख चाहि।"

'भ्रमरगीतसार' की उक्त पंक्ति में 'यहाँ' शब्द किसके लिए आया है?

(1) गोपियों के लिए
(2) कृष्ण के लिए
(3) ऊधौ के लिए
(4) गोप–सखाओं के लिए
(5) अनुत्तरित प्रश्न

99. "क्या मरने–मारने की बात लगाई है? मरें जर्मनी और तुरंक!"

'उसने कहा था' में, यह कथन किसने किससे कहा?

(1) हजारा सिंह ने लहना सिंह से
(2) वजीरा सिंह ने लहना सिंह से
(3) बोधा सिंह ने वजीरा सिंह से
(4) लहना सिंह ने हजारा सिंह से
(5) अनुत्तरित प्रश्न

100. 'मारुत – नंदन मारुत को, मन को,

खगराज को, वेग लजायो।'

उपर्युक्त पद में कौनसा काव्यदोष है?

(1) न्यून–पद
(2) दुष्क्रमत्व
(3) श्रुति कटुत्व
(4) अक्रमत्व
(5) अनुत्तरित प्रश्न

101. निम्नलिखित में से भारतेन्दु–मण्डल में सम्मिलित नहीं हैं –

(1) राधाचरण गोस्वामी
(2) प्रतापनारायण मिश्र
(3) मैथिलीशरण गुप्त
(4) प्रेमघन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

102. 'पूस की रात' में, सुबह सारे खेत की दशा देखकर हल्कू की प्रतिक्रिया थी –

(1) वह निश्चिंत था।
(2) हल्कू उदास था।
(3) वह चिंताग्रस्त था।
(4) हल्कू प्रसन्न था।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

103. खोयो मैं घर में अवट

कायर जंबुक काम।

उपर्युक्त पंक्तियों में 'जंबुक' से क्या तात्पर्य है?

(1) एक दवा का नाम
(2) गीदड़
(3) शीघ्रता करने वाला
(4) यम की तरह अड़ने वाला
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**104.** निम्नलिखित में से कौनसा युग्म सुमेलित नहीं है?

(1) शैलेश मटियानी – रथ के पहिए
(2) फणीश्वर नाथ 'रेणु' – मैला आँचल
(3) प्रेमचंद – प्रेमाश्रम
(4) रांगेय राघव – कब तक पुकारूं
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**105.** "तरी को ले जाओ मँझधार
डूब कर हो जाओगे पार।"
'डूब कर हो जाओगे पार' – में, निम्नलिखित में से कौनसा अलंकार है?

(1) व्यतिरेक
(2) संदेह
(3) अतिशयोक्ति
(4) विरोधाभास
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**106.** प्रमुख सिद्ध संतों में सम्मिलित नहीं हैं –

(1) शबरपा
(2) लुइपा
(3) जम्भनाथ
(4) डोम्भिपा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**107.** माधुर्य–गुण–व्यंजक वर्णों से युक्त शैली निम्नांकित में से किस काव्य रीति की प्रमुख विशेषता है?

(1) पांचाली
(2) गौड़ी
(3) अवंतिका
(4) वैदर्भी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**108.** निम्नलिखित में से कौनसा विकल्प दोहा छंद का लक्षण नहीं है?

(1) सम चरणों में 11 मात्राएँ होती हैं।
(2) विषम चरणों में 13 मात्राएँ होती हैं।
(3) विषम चरण तुकान्त होते हैं।
(4) यह अर्धसम मात्रिक छंद है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**109.** निम्नांकित में से सुमेलित विकल्प है –

(1) मंझन – मृगावती
(2) मुल्ला दाउद – हंसावली
(3) कुतुबन – मधुमालती
(4) उस्मान – चित्रावली
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**110.** निम्न में से ज्ञानमार्गी भक्तिधारा के कवि नहीं हैं –

(1) ईश्वरदास
(2) मलूकदास
(3) रैदास
(4) पीपा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**111.** रचना और रचनाकार की दृष्टि से सुमेलित युग्म है –

(1) 'अरी ओ करुणा प्रभामय' – शमशेर बहादुर सिंह
(2) 'उत्सवा' – नागार्जुन
(3) 'काल तुझसे होड़ मेरी' – अज्ञेय
(4) 'जमुन जल तुम' – केदारनाथ अग्रवाल
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**112.** इनमें से किसे रीतिकालीन सर्वांग–निरूपक कवियों में परिगणित नहीं किया जाता है?

(1) भूषण
(2) कुलपति मिश्र
(3) देव
(4) चिंतामणि
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**113.** "तो लिख ले मामा, पिरधान तो इ गाम का रामसिंग ई बनेंगो।"
उक्त कथन 'पटाक्षेप नहीं होगा' कहानी में निम्नलिखित में से किसका है?

(1) सुम्मेरा पंडित
(2) दयाराम
(3) बन्नी ठाकुर
(4) पृथी सिंह
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**114.** देवनागरी लिपि की विशेषताओं में शामिल नहीं है –

(1) व्यंजनों के उच्चारण के लिए उनके साथ प्रायः स्वर जोड़े जाते हैं।
(2) शिरोरेखा विहीनता है।
(3) इसकी वर्णमाला ध्वनिप्रधान नहीं है।
(4) नागरी लिपि पर कुछ प्रभाव मराठी लिपि का भी पड़ा है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**115.** दादू सम्प्रदाय के संबंध में असंगत है –

(1) रज्जबदास
(2) सुंदरदास
(3) अग्रदास
(4) अंगवधू
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**116.** पूर्वी हिन्दी की किस उपभाषा (बोली) के लिए 'कोसली' शब्द भी प्रचलन में रहा है?

(1) अवधी
(2) छत्तीसगढ़ी
(3) बघेली
(4) भोजपुरी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**117.** "झीनैं पट मैं झुलमुली झलकति ओप अपार।
सुरतरु की मनु सिंधु मैं लसति सपल्लव डार।"
यहाँ बिहारी की उक्त पंक्तियों में 'सपल्लव डार' का निम्नलिखित में से कौनसा अभिप्राय नहीं है?

(1) हाथों–पाँवों की उपमा के लिए
(2) कानों की उपमा के लिए
(3) ओठों की उपमा के लिए
(4) नाक की उपमा के लिए
(5) अनुत्तरित प्रश्न

118. आचार्य शुक्ल के 'श्रद्धा और भक्ति' के संदर्भ में त्रुटिपूर्ण कथन है –

(1) पूज्य भाव या महत्त्व की आनंदपूर्ण स्वीकृति के बिना श्रद्धा नहीं होती।

(2) श्रद्धा का कारण अनिर्दिष्ट और अज्ञात होता है।

(3) श्रद्धा एक विस्तृत भाव है, इसके बदले हम श्रद्धेय से अपने लिए कुछ नहीं चाहते।

(4) श्रद्धा और प्रेम के योग का नाम भक्ति है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

119. 'मंदिर मांहि भया उजियारा।
लै सूती अपनां पीव पियारा।।'
कबीर की उक्त पंक्ति में 'मंदिर' शब्द का अर्थ है –

(1) शरीर (2) आत्मा (3) चित्त (4) देवालय

(5) अनुत्तरित प्रश्न

120. हिन्दी साहित्य के 'आदिकाल' को वीरगाथाकाल नाम किस विद्वान ने दिया?

(1) आचार्य रामचंद्र शुक्ल (2) डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी

(3) डॉ. राम कुमार वर्मा (4) राहुल सांकृत्यायन

(5) अनुत्तरित प्रश्न

121. निम्नांकित में से 'पूर्वी हिन्दी' से सम्बन्धित नहीं है –

(1) बुंदेली (2) छत्तीसगढ़ी (3) बघेली (4) अवधी

(5) अनुत्तरित प्रश्न

122. "अँसुवाँ जल सींच सींच प्रेम बेल बूयाँ।
दध मथ घृत काढ़ लयाँ, डार दया छूयाँ।"
मीरा की इन काव्य–पंक्तियों में प्रयुक्त 'छूयाँ' का अर्थ है –

(1) छैना (2) मक्खन (3) छाछ (4) छूना

(5) अनुत्तरित प्रश्न

123. चिर जीवो जोरी जुरै, क्यों न सनेह गँभीर।
को घटि ये वृषभानुजा, वे हलधर के वीर।।
यहाँ किस शब्द शक्ति का प्रयोग हुआ है?

(1) उपादान लक्षणा (2) आर्थी व्यंजना

(3) शाब्दी व्यंजना (4) प्रयोजनवती लक्षणा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**124.** "शैल निर्झर न बना हतभाग्य, गल नहीं सका जो कि हिमखंड"– 'कामायनी' की उपर्युक्त पंक्तियों में किसका वर्णन हुआ है?

(1) श्रद्धा (2) कर्म (3) मनु (4) इड़ा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**125.** 'खून का टीका' में वर्णित कथानक के अनुसार, राणा हम्मीर गिरिदुर्ग का ध्वंस करके निम्नलिखित में से किसकी शेष शक्ति को समाप्त करना चाहता था?

(1) मूंजा बालेचा की (2) यवनों की

(3) जेसा की (4) मालदेव की

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**126.** निम्नलिखित में से कौनसीं देवनागरी लिपि की विशेषता नहीं है?

(1) इसमें स्वरों एवं व्यंजनों के क्रम को बड़ी वैज्ञानिक रीति से रखा गया है।

(2) इसमें प्रत्येक ध्वनि के लिए अलग लिपि चिह्न की व्यवस्था है।

(3) लिपि के अधिकांश वर्ण उच्चरित होते हैं, किंतु कुछ वर्ण मूक भी होते हैं।

(4) देवनागरी लिपि अधिकांशतः वर्णात्मक है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**127.** 'दीवान ने मिलती–मारते कहा, 'हमेशा–हमेशा के लिए इसका काला मुँह हो जाएगा।"
'उजाले के मुसाहिब' कहानी में रेखांकित शब्द 'इसका' से क्या अभिप्राय है?

(1) चकवे का (2) एक रत्न का

(3) साधु का (4) अंधेरे का

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**128.** उत्प्रेक्षा अलंकार के संबंध में असंगत है –

(1) उत्प्रेक्षा वाचक शब्द – मानो, मनो, मनु, मनहुँ, जानो, जनु इत्यादि का प्रयोग किया जाता है।

(2) उत्प्रेक्षा में उपमान या अप्रस्तुत को प्रकृष्ट रूप से देखने का वर्णन नहीं होता है।

(3) संभावना सादृश्यमूलक होगी तभी यह अलंकार घटित होगा।

(4) उपमेय की उपमान के रूप में संभावना ही उत्प्रेक्षा है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**129.** "नारी का आकर्षण पुरुष को पुरुष बनाता है, तो उसका अपकर्षण उसे गौतम बुद्ध बना देता है।"
'लहरों के राजहंस' के संदर्भ में यह कथन किसका है?

(1) श्यामांग (2) नंद (3) सुन्दरी (4) अलका

(5) अनुत्तरित प्रश्न

130. 'तन – मन – धन गिरधर पर वाराँ,

चरण कँवल बिलमाणी'

मीरा के इन पंक्तियों के अभिप्राय में असंगत है –

(1) मीरा द्वारा श्री कृष्ण चरणों का श्रृंगार करना।
(2) गिरधर पर न्योछावर होना।
(3) मीरा का तल्लीन हो जाना।
(4) मीरा का रम जाना।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

131. विद्यार्थियों के शैक्षिक रूप से पिछड़ेपन के शारीरिक कारण के अन्तर्गत निम्न में से कौनसा कारण नहीं है?

(1) अल्प स्मृति
(2) शारीरिक दोष
(3) शारीरिक विकलांगता / दुर्बलता
(4) उच्चारण दोष
(5) अनुत्तरित प्रश्न

132. दी गयी शिक्षण विधियों में से लेखन–शिक्षण की कौनसी विधि है?

(1) रूपरेखानुकरण विधि
(2) ध्वनि–साम्य विधि
(3) देखो और कहो विधि
(4) अनुध्वनि विधि
(5) अनुत्तरित प्रश्न

133. भाषा में कौशल विकास से अभिप्राय है –

(1) सुनने की कुशलता
(2) सुनने, बोलने, लिखने एवं पढ़ने की कुशलता
(3) लिखने की कुशलता
(4) बोलने की कुशलता
(5) अनुत्तरित प्रश्न

134. विश्लेषणात्मक श्रवण का अर्थ है –

(1) श्रुत सामग्री में आनंदानुभूति करना।
(2) श्रुत सामग्री के मुख्य तत्त्वों, विचारों, केन्द्रीय भाव को समझना।
(3) श्रुत सामग्री में प्रस्तुत विचारों पर तुलनात्मक दृष्टि से विचार करना एवं पूर्व अनुभव के आधार पर मूल्यांकन करना एवं निष्कर्ष निकालना।
(4) श्रुत सामग्री के उचित स्वराघात व गति को ग्रहण करना।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

135. उच्च स्तर पर विवादग्रस्त विषयों पर रचना करवाने के लिए प्रभावी एवं उपयुक्त प्रणाली है –

(1) मंत्रणा प्रणाली
(2) अनुकरण प्रणाली
(3) तर्कप्रणाली
(4) स्वाध्याय प्रणाली
(5) अनुत्तरित प्रश्न

136. नाटक की कथावस्तु, पात्र, कथोपकथन, भाषाशैली आदि के बारे में प्रश्नोत्तर द्वारा जानकारी किस प्रणाली द्वारा संभव है?

(1) रंगमंच अभिनय प्रणाली
(2) कक्षाभिनय प्रणाली
(3) व्याख्या प्रणाली
(4) आदर्श अभिनय प्रणाली
(5) अनुत्तरित प्रश्न

137. व्याकरण शिक्षण में आगमन विधि का उपयोग करते समय अध्यापक द्वारा किस क्रम का अनुसरण किया जाता है?

(1) सामान्यीकरण, परीक्षण, उदाहरण, विश्लेषण
(2) उदाहरण, सामान्यीकरण, विश्लेषण, परीक्षण
(3) उदाहरण, विश्लेषण, सामान्यीकरण, परीक्षण
(4) सामान्यीकरण, उदाहरण, विश्लेषण, परीक्षण
(5) अनुत्तरित प्रश्न

138. बनावटीपन से उच्चारण का व्यवहार, बालक के भाषायी पिछड़ेपन के निम्न में से किस कारण में आता है?

(1) स्वास्थ्य दोष
(2) दूषित वातावरण
(3) बुद्धि मंदता
(4) दुरभ्यास
(5) अनुत्तरित प्रश्न

139. गद्य शिक्षण में 'गहन अध्ययन' का उद्देश्य होता है –

(1) तीव्र पठन गति का विकास कराना
(2) कहानी, उपन्यास का अध्ययन कराना
(3) जीवनी व संस्मरणों का अध्ययन कराना
(4) कठिन शब्दों एवं विचार, भावों की विस्तृत व्याख्या सिखाना
(5) अनुत्तरित प्रश्न

140. व्यापक अध्ययन होता है –

(1) समवेत वाचन के रूप में
(2) आदर्श वाचन के रूप में
(3) अनुकरण वाचन के रूप में
(4) मौन वाचन के रूप में
(5) अनुत्तरित प्रश्न

141. "एक नन्ही ज्योति असमय बुझ गई,
लेकिन हजारों दिलों में आजादी की अलख जगा गई"
उपर्युक्त पंक्तियों का भाव ग्रहण एवं कारण कार्य का भाव समझना किस प्रकार का पठन है?

(1) सृजनात्मक पठन
(2) शाब्दिक पठन
(3) चिन्तनात्मक पठन
(4) चित्र पठन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

142. 'कठपुतली का प्रदर्शन' अनुदेशन सामग्री के किस वर्ग से सम्बन्धित है?

(1) दृश्य अनुदेशन सामग्री
(2) चित्र दर्शक सामग्री
(3) दृश्य–श्रव्य अनुदेशन सामग्री
(4) श्रव्य अनुदेशन सामग्री
(5) अनुत्तरित प्रश्न

143. पाठोपरांत मूल्यांकन होता है –

(1) छात्रों द्वारा किये गए मौखिक कार्य की जाँच करके
(2) छात्रों द्वारा किये गए लिखित कार्य की जाँच करके
(3) अवलोकन द्वारा
(4) विभिन्न क्रियाओं द्वारा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

144. "'व्याकरण' भाषा का व्यावहारिक विश्लेषण करता है", यह कथन दिया है –

(1) डॉ. कामता प्रसाद गुरु
(2) डॉ. लज्जाशंकर झा
(3) डॉ. स्वीट
(4) चैम्पियन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

145. इकाई योजना प्रारूप में जिन घटकों को क्रमवार प्रदर्शित किया जाता है, उनका उचित क्रम है –

(1) वस्तु संकलन, उद्देश्य, अपेक्षित योग्यताएँ, शिक्षण प्रक्रिया, मूल्यांकन
(2) उद्देश्य, अपेक्षित योग्यताएँ, वस्तु संकलन, शिक्षण प्रक्रिया, मूल्यांकन
(3) वस्तु संकलन, उद्देश्य, शिक्षण प्रक्रिया, मूल्यांकन, अपेक्षित योग्यताएँ
(4) अपेक्षित योग्यताएँ, उद्देश्य, वस्तु संकलन, शिक्षण प्रक्रिया, मूल्यांकन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

146. भावों और विचारों के साथ पूर्ण तादात्म्य स्थापित करके अलौकिक आनंद की अनुभूति करवाना उद्देश्य है –

(1) कहानी शिक्षण का
(2) गद्य शिक्षण का
(3) रचना शिक्षण का
(4) कविता शिक्षण का
(5) अनुत्तरित प्रश्न

147. सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन हेतु उच्च प्राथमिक स्तर पर शैक्षिक क्षेत्र में जिन प्रक्रियाओं/तकनीकों का प्रयोग किया जा सकता है, वे हैं –

(1) अवलोकन, लिखित, मौखिक
(2) लिखित, मौखिक
(3) अवलोकन, प्रायोगिक
(4) लिखित, मौखिक, प्रायोगिक
(5) अनुत्तरित प्रश्न

148. दृश्य साधन है –

(1) जिन साधनों को देखकर शब्द, अर्थ एवं भाव को समझा जाता है।

(2) जिन साधनों में केवल श्रवणेन्द्रियों का प्रयोग होता है।

(3) जिन साधनों में चक्षुओं व श्रवणेन्द्रियों दोनों का प्रयोग होता है।

(4) संवाद शिक्षण के लिए प्रभावी साधन है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

149. पाठ्य सामग्री के केन्द्रीय भावों तक पहुँचने के लिए अधिक सामग्री कम समय में पढ़ने के लिए किस प्रकार का वाचन किया जाना चाहिए?

(1) सस्वर वाचन
(2) आदर्श वाचन
(3) द्रुत मौन वाचन
(4) अनुकरण वाचन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

150. बालकों को तत्काल क्या व कितना पढ़ाना है, उचित मार्ग दर्शन हेतु एवं बालकों ने कितना ग्रहण किया है, इसका पता चलता है –

(1) सूक्ष्म पाठ योजना से
(2) इकाई योजना से
(3) लघु पाठ योजना से
(4) दैनिक पाठ योजना से
(5) अनुत्तरित प्रश्न

---

रफ कार्य के लिए जगह

# RAJASTHAN PUBLIC SERVICE COMMISSION, AJME

**Sr. Teacher (Sanskrit Edu.Deptt.) Comp. Exam - 2024**
**Subject : HINDI**
**Exam Date : 28-12-2024**
**Model Answer Key Issue Date : 16-01-2025**
**Answer key as per the Question Paper uploaded on Website**

| Q. No. | RES | Q. No. | RES | Q. No. | RES |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 51 | 4 | 101 | 3 |
| 2 | 1 | 52 | 2 | 102 | 4 |
| 3 | 1 | 53 | 3 | 103 | 2 |
| 4 | 2 | 54 | 3 | 104 | 1 |
| 5 | 2 | 55 | 2 | 105 | 4 |
| 6 | 1 | 56 | 3 | 106 | 3 |
| 7 | 3 | 57 | 3 | 107 | 4 |
| 8 | 1 | 58 | 3 | 108 | 3 |
| 9 | 2 | 59 | 4 | 109 | 4 |
| 10 | 1 | 60 | 3 | 110 | 1 |
| 11 | 1 | 61 | 2 | 111 | 4 |
| 12 | 4 | 62 | 2 | 112 | 1 |
| 13 | 2 | 63 | 3 | 113 | 3 |
| 14 | 1 | 64 | 1 | 114 | 2 |
| 15 | 3 | 65 | 3 | 115 | 3 |
| 16 | 3 | 66 | 1 | 116 | 1 |
| 17 | 1 | 67 | 2 | 117 | 4 |
| 18 | 2 | 68 | 4 | 118 | 2 |
| 19 | 2 | 69 | 2 | 119 | 1 |
| 20 | 3 | 70 | 4 | 120 | 1 |
| 21 | 1 | 71 | 2 | 121 | 1 |
| 22 | 4 | 72 | 1 | 122 | 3 |
| 23 | 2 | 73 | 4 | 123 | 3 |
| 24 | 2 | 74 | 3 | 124 | 3 |
| 25 | 3 | 75 | 1 | 125 | 1 |
| 26 | 3 | 76 | 3 | 126 | 3 |
| 27 | 4 | 77 | 4 | 127 | 4 |
| 28 | 2 | 78 | 3 | 128 | 2 |
| 29 | 3 | 79 | 3 | 129 | 3 |
| 30 | 2 | 80 | 1 | 130 | 1 |
| 31 | 4 | 81 | 2 | 131 | 1 |
| 32 | 1 | 82 | 4 | 132 | 1 |
| 33 | 2 | 83 | 1 | 133 | 2 |
| 34 | 4 | 84 | 3 | 134 | 3 |
| 35 | 3 | 85 | 3 | 135 | 3 |
| 36 | 2 | 86 | 2 | 136 | 3 |
| 37 | 2 | 87 | 3 | 137 | 3 |
| 38 | 2 | 88 | 4 | 138 | 4 |
| 39 | 4 | 89 | 3 | 139 | 4 |
| 40 | 3 | 90 | 4 | 140 | 4 |
| 41 | 1 | 91 | 4 | 141 | 3 |
| 42 | 3 | 92 | 4 | 142 | 3 |
| 43 | 4 | 93 | 4 | 143 | 2 |
| 44 | 4 | 94 | 4 | 144 | 3 |
| 45 | 2 | 95 | 3 | 145 | 2 |
| 46 | 3 | 96 | 1 | 146 | 4 |
| 47 | 1 | 97 | 2 | 147 | 4 |
| 48 | 1 | 98 | 1 | 148 | 1 |
| 49 | 4 | 99 | 2 | 149 | 3 |
| 50 | 3 | 100 | 2 | 150 | 4 |

*** Means deleted**